### Neglect of Historical Monuments

†**श्री ओबैदुल्लाह खान आज़मी** (मध्य प्रदेश) . सदरे मोहतरम, मै आपके जरिए इस हाऊस की तवज्जोह तारीखी इमारतों और यादगारो की देखरेख और हिफ़ाजत में महकमा आसारे कदीमा, म्युनिसपल कारपोरेशन और दीगर मुतालिका महकमों की गफ़लत की तरफ़ दिलाना चाहता हूं।

सदर साहब, यह हमारी तारीखी इमारतें और यादगारें हमारे मुल्क की ही नही बल्कि दुनिया की अज़ीम विरासतों में शामिल है, लेकिन आए दिन हमें इन यादगारों की खस्ता हाली के बारे में खबरें मिलती है। हद यह है कि जो तारीखी यादगारें महकमा आसारे कदीमा की तहफ़्फ़ुज याफ़्ता इमारतो की लिस्ट में है वे भी गफ़लत का शिकार है, जिसके नतीजे में वे लोगो के नाजायज कब्ज़े और नाज़ायज तामीरात का निशाना बनी हुई है। कानून के मुताबिक तारीखी यादगारों के सौ मीटर के दायरे में कोई तामीर नही की जा सकती और दो सौ मीटर के दायरे में कोई तामीर मुतालिका महकमे की इजाज़त के बगैर नही की जा सकती, लेकिन होता यह है कि इन इमारतो के अहाते में ही लोग बेधड़क नाज़ायज़ तामीरात खड़ी कर रहे है या इन इमारतो को कूड़ेदान के तौर पर इस्तेमाल कर रहे है , लेकिन आसारे कदीमा, दिल्ली म्युनिसपल कारपोरेशन दिल्ली पुलिस और दूसरे मुतालिका महकमे के लोग हाथ पर हाथ रखे खामोश तमाशाई बने बैठे है। आम तौर पर इनकी बिल्डरी या नाज़ायज़ कब्जा और नाज़ायज़ तामीर करने वालों के साथ मिलीभगत होती है। दिल्ली में कोटला मुबारकपुर में मुबारकशाह का मकबरा और मोहम्मदपुर गांव में तीन बुर्जी की यादगारें इसकी चंद मिसाले है।

चुनांचे मै मुतालबा करता हूं कि पूरे मुल्क में और खासतौर से दिल्ली में जितनी भी तहफ़्फ़ुज याफ़्ता इमारते है या जो हमारी विरासत का हिस्सा है, उनमें से नाज़ायज़ कब्ज़ा हटाने और नाज़ायज़ तामीरात गिराने की कार्यवाही फ़ौरन की जाए, उनकी देखरेख का मुनासिब इंतज़ाम किया जाए और यहां सय्याहों के लिए सहूलियता पैदा की जाएं। शुक्रिया।

SHRI K. RAHMAN KHAN (Kamataka): Sir, I associate myself with it.

**श्री बाल कवि बैरागी** (मध्य प्रदेश) . सभापति जी, मै इससे अपने को संबध्द करता हूं।

### Allocation of Indus Water to Gujarat

SHRI LALITBHAI MEHTA (Gujarat): Sir, my Special Mention is regarding the allocation of Indus Water to Gujarat.

Sir, the Indus basin Map and National Commission for integrated water resources of Government of India Map of 1999 show Kachchha region of Gujarat in Indus Basin.

According to the international water agreement, waters of the eastern rivers of Indus basin are allocated to India as per "Indus Water Treaty".

---

†Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.